नैनीताल पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत करते डीएम विनोद कुमार सुमन।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड बोर्ड का 10वीं व 12वीं का रिजल्ट 30 मई को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद आगामी 30 मई को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट सुबह 10:30 बजे जारी करेगा। शिक्षा परिषद की सचिव नीता तिवारी ने इसकी घोषणा की है। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 01 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित की गई थी। रिजल्ट का परीक्षार्थियों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। इस साल हाईस्कूल में 149950 और इंटरमीडिएट में 124867 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इस बार परीक्षा के लिए प्रदेश में 1317 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें 231 संवेदनशील और 27 अतिसंवेदनशील केंद्र थे।

### नशीले इंजेक्शनों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नेहरू कालोनी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध को दून यूनिवर्सिटी रोड पर सीवर ट्रीटमेन्ट प्लांट के पास 75 नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़ा। अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान संदीप भट्ट निवासी एमडीडीए कालोनी केदारपुरम, थाना नेहरू कालोनी के रूप में हुई।

### बिना मान्यता के चल रहे प्राइवेट स्कूलों की मान्यता शीघ्र रद्द करने का प्रस्ताव पारित

**संवाददाता** देहरादून। प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में बिना मान्यता के चल रहे प्राइवेट स्कूलों की मान्यता शीघ्र रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया गया। शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने की मांग की गई। संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों ने कहा कि जिले के कई प्राइवेट विद्यालय बिना मान्यता के चल रहे हैं, लेकिन ऐसे विद्यालयों की मान्यता रद्द करने के लिए विभागीय अधिकारियों के स्तर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### 23 को यूथ फुटबॉल लीग खिलाड़ियों का मूल्यांकन

**संवाददाता** देहरादून। दून यूथ फुटबॉल लीग सीजन 3 से पहले की रोमांचक खबर जो भाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूलों द्वारा आयोजित की जाती है भारी प्रतिक्रिया के कारण 23 मई को देहरादून के राजा राममोहन राय अकादमी में खिलाड़ियों के मूल्यांकन के लिए एक और दिन रखने का फैसला किया है। प्रत्येक श्रेणी में एक प्रतिभागी, मूल्यांकन में प्रदर्शन के आधार पर, 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति के साथ भाग लेने का मौका दिया जाएगा। आकलन के लिए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है,जिन छात्रों ने पंजीकरण कराया है, उन्हें उन लोगों पर वरीयता दी जाएगी जिन्होंने नहीं किया है।

## सीएम भी 108 कर्मचारियों को लेकर है फिक्रमंद

**रोष**

■ 108 सेवा के निकाले गए कर्मचारियों का धरना–प्रदर्शन जारी रहा

देहरादून। **संवाददाता**

108 एंबुलेंस सेवा के निकाले गए कर्मचारियों का धरना–प्रदर्शन जारी है। भारतीय मजदूर संघ ने ऐलान किया है कि 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

भारतीय मजदूर मजदूर संघ के उत्तर क्षेत्र के संगठन अध्यक्ष पवन कुमार ने आंदोलनकारियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि नई कंपनी से नियमों को ताक पर रखकर अनुबंध कर दिया गया, जिससे पहले कार्य कर रहे कर्मचारी सड़क पर आ गए हैं। अपनी मांगों को लेकर सोमवार को 108 एंबुलेंस के पूर्व कर्मचारियों के नई कंपनी में समायोजन की मांग को लेकर धरना 21 वें दिन भी जारी रखा।



धरना–प्रदर्शन करते 108 सेवा के निकाले गए कर्मी।

इस दौरान 13 लोग क्रमिक अनशन पर रहे।

मेयर सुनिल उनियाल गामा भी 108 एंबुलेंस कर्मचारियों समर्थन की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीएम भी उनकी समस्याओं को लेकर फिक्रमंद हैं। सीएम से वार्ता करा समस्या समस्याओं का समाधान कराया जायेगा।

धरने पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल राठी, विपिन जमलोकी, नीरज शर्मा, शिशुपाल, रमेश डंगवाल, आशना, दिव्या, महेश जोशी, अनिल रावत, प्रियंका, शपूजा, रचना, सुशीला, आशा, आशीष, प्रवीण, राज मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## ग्रीष्मकालीन प्रवास पर नैनीताल राजभवन पहुंची राज्यपाल

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल बेबी रानी मौर्य सोमवार को ग्रीष्मकालीन प्रवास पर राजभवन नैनीताल पहुंची। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल को पी.ए.सी की टुकड़ी द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी गई। डी.आई.जी अजय जोशी, जिलाधिकारी विनोद सुमन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मीणा, कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय डॉ0 के0एस0राणा ने राज्यपाल श्रीमती मौर्य का स्वागत किया। राज्यपाल ने डी.एम और एस.एस.पी से जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी भी ली। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री रमेश कुमार सुधांशु भी उपस्थित थे।मीडिया से अनौपचारिक वार्ता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मैदानी इलाकों की गरमी की तुलना में नैनीताल का मौसम सुकून भरा है।

# मतगणना में सभी अभिकर्ताओं बरते पूरी सर्तकताः प्रीतम सिंह

**निर्देश**

कांग्रेस की बैठक में मतगणना अभिकर्ताओं को दिए गए टिप्स

मतगणना स्थल पर जब तक पूरी मतगणना न हो तब वहीं पर डटे रहने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए आगामी 23 मई को होने वाली मतगणना में सभी अभिकर्ताओं को पूरी सर्तकता बरतने को कहा है। इसी परिपेक्ष में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रभुलाल बहुगुणा की अध्यक्षता में 23 मई 2019 को होने वाली मतगणना हेतु चयनित अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर बहुगुणा ने सभी अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर जब तक पूरी मतगणना न हो तब वहीं पर डटे रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि देश में जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है उसे देखते हुए कांग्रेस के हर कार्यकर्ता का कर्तव्य बन जाता है कि अपने मतदान स्थलों पर निगरानी रखते हुए प्रदेश मुख्यालय में सूचित करें ताकि समय पर आवश्यक कदम उठाये जा सकें।

बहुगुणा ने कल 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के पुण्यतिथि में भी सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने को कहा है। बैठक में राजकुमार विधायक, अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, प्रभुलाल बहुगुणा, प्रदेश उपाध्यक्षसूर्यकान्त धस्माना, डॉ प्रतिमा सिंह, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, गोदावरी थापली, अशोक वर्मा, अभिषेक सिंह, कमलेश रमन, राजेश शर्मा, दीप बोहरा, मानवेन्द्र सिंह, केशर सिंह रावत, अरूण शर्मा, नागेश रतूड़ी, सागर लांबा, विरेन्द्र सिंह नेगी, मुकेश सोनकर, अरूण शर्मा आदि उपस्थित थे।




कांग्रेस के मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

## मीडिया को मतगणना की जानकारी उपलब्ध कराने को 24 अधिकारी तैनात किए

देहरादून/हरिद्वार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन हरिद्वार संसदीय क्षेत्र की मतगणना की। पल–पल की जानकारी मीडिया तक पहुचाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हरिद्वार दीपक रावत ने व्यापक प्रबन्ध किये हैं। इस कार्य के लिए पहले से नियुक्त नोडल ऑफिसर मीडिया मनोज कुमार श्रीवास्तव को सम्पूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

मीडिया को पल–पल जानकारी देने हेतु 24 राजपत्रित मीडिया अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रेस क्लब में ड्यूटी के लिए लगाए गए कार्मिकों को ट्रेनिंग देते हुए नोडल अधिकारी मीडिया मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक कार्मिक 23 मई को मतगणना स्थल पर समय से पहुंचकर मीडिया से अपनी लाइजनिंग स्थापित कर ले।

## अब ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी नहीं रखने होंगे साथ

**संवाददाता** देहरादून। यदि आपने वाहन के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस आदि अभिलेख डिजी लॉकर में अपलोड किए हैं तो पुलिस आपका चालान नहीं काट सकेगी। बशर्ते आप किसी अन्य नियम के उल्लंघन में पकड़े जाएं। यातायात पुलिस को डिजी लॉकर में वाहन संबंधी कागजात जांचने का प्रशिक्षण दिया गया। आईटीडीए के विशेषज्ञों ने यातायात पुलिसकर्मियों को बताया कि यह नियमों के अनुसार वैध हैं। आईटीडीए के सीनियर कंसलटेंट प्रोग्राम मैनेजमेंट आलोक तोमर ने बताया कि डिजी लॉकर भारत सरकार की ओर से शुरू की गई सेवा है। इसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों तरह के वाहनों के दस्तावेज रखे जा सकते हैं। मूल प्रति मांगे जाने पर यह अभिलेख दिखाए जा सकते हैं। डिजी लॉकर में अपलोड दस्तावेज आईटी एक्ट का नियम संख्या 9–ई के तहत मूल प्रति ही माने जाएंगे। एसपी यातायात प्रकाश चंद आर्य ने बताया कि डिजी लॉकर की व्यवस्था पर मंथन चल रहा है। योजना है कि इसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा।

### तेरहवां वार्षिकोत्सव 'नवरस'

**संवाददाता** देहरादून। एसएन मैमोरियल पब्लिक स्कूल भाऊवाला का तेरहवां वार्षिक उत्सव 'नवरस' धूमधाम से मनाया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं0–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।